मेरा छोटा सा संसार | By Vidhi Sharma

मेरा छोटा सा संसार
हरी आ जाओ एक बार
हरी आ जाओ प्रभु आ जाओ
भक्तों की सुनो पुकार
हरी आ जाओ एक बार

जब याद तुम्हारी आती है
रह रह के मुझे तड़पाती है
तन मन की सुध बिसराती है
दूँ तन मन धन सब वार
हरी आ जाओ एक बार

लाखों को दरस दिखाया है
प्रभु मुझको क्यूँ तरसाया है
ये कैसी तुम्हारी माया है
नित बहती है अंसुवन धार
हरी आ जाओ एक बार

मुझको बिछुड़े युग बीत गए
क्यूँ रूठ मेरे मनमीत गए
मैं हार गई तुम जीत गए
अब दर्शन दो साकार
हरी आ जाओ एक बार

इस जग में कौन हमारा है
प्रभु तेरा ही तो सहारा है
तेरे भक्त ने तुझे पुकारा है
मेरी नैया लगा दो पार
हरी आ जाओ एक बार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%9b%e0%a5%8b%e0%a4%9f%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-vidhi-sharma/